# मोबियस फाउंडेशन ने शुरू की आकार परियोजना

लखनऊ। एक गैर लाभकारी संगठन मोबियस फाउंडेशन ने आकार प्रोजेक्ट को शुरू करने की घोषणा कीए जो कि जनसंख्या स्थिरीकरण को प्रोत्साहित करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता की दिशा में एक पहल है। मोबियस फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप बर्मन ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित सभा को संबोधित किया जिसमें बाराबंकी की सांसद सुश्री प्रियंका सिंह रावतए सुश्री सविता चैहान डीजीएम एसआईएफपीएसए के साथ लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र अग्रवाल उपस्थित थे।

इस अवसर पर एक टेलीविजन विज्ञापन भी जारी किया गया जिसमें देश में मशहूर टेलीविजन अभिनेत्री साक्षी तंवर नजर आयेंगी। उत्तर प्रदेश में प्रजनन आदतों और प्रभावी समुदाय कार्यो में सुधार के लक्ष्य के साथए एक टोल फ्री नंबर 1800.8439.843 की भी घोषणा की गईए जिसके जरिये जनसंख्या नियंत्रणके आधुनिक उपायों को अपनाकर लोगों को दंपति नंबर 1 बनने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। यह प्रोजेक्ट शुरुआत में उत्तर प्रदेश के दो जिलों बहराइच और बाराबंकी के 200 गांवों में चलाया जाएगाऔर आगे उच्च जन्म दर वाले तीनअन्य जिलों में भी इसका विस्तार कियाजायेगा। समग्र दृष्टिकोण के साथ प्रोजेक्ट आकार लोगों को प्रजनन स्वास्थ्यए परिवार नियोजन और गर्भनिरोधकों की महत्ता पर शिक्षित करेगा। मोबियस फाउंडेशन द्वारा अपने समुदाय स्थिरता समाधान कार्यक्रम के हिस्से के रूप में इस प्रोजेक्ट का समर्थन किया जा रहा है और यह स्थानीय एनजीओ कर्तव्यशिला महिला एवं बाल विकास संस्थान के साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया जायेगा। मोबियस फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप बर्मन ने इस अवसर पर कहा कि प्रोजेक्ट आकार के जरिये मोबियस फउंडेशन राज्यनके 200 मिलियन लोगों को जोड़ेगा।

Scanned by CamScanner

# 'आकार' प्रोजेक्ट जनसंख्या नियंत्रण का प्रयास

संवाददाता,लखनऊ।

लगातार बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण हो सके। इसके मद्देनजर मोबियस फाउंडेशन ने शनिवार को 'आकार' प्रोजेक्ट को शुरू करने की घोषणा की है। इस अवसर पर एक टेलीविजन विज्ञापन भी जारी किया गया जिसमें देश में मशहूर टेलीविजन अभिनेत्री साक्षी तंवर नजर आयेंगी। उत्तर प्रदेश में प्रजनन आदतों और प्रभावी समुदाय कार्यों में सुधार के लक्ष्य के साथ, एक टोल फ्री नंबर (1800-8439-843) की भी घोषणा की गई, जिसके जरिये जनसंख्या नियंत्रण के आधुनिक उपायों को अपनाकर लोगों को 'दंपति नंबर 1' बनने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। यह प्रोजेक्ट शुरुआत में उत्तर प्रदेश के दो जिलों बहराइच और बाराबंकी के 200 गांवों में चलाया जाएगा और आगे उच्च जन्म दर वाले तीन अन्य जिलों में भी इसका विस्तार किया जायेगा। कार्यक्रम लोगों को प्रजनन स्वास्थ्य,परिवार नियोजन और गर्भनिरोधकों पर शिक्षित करेगा। मोबियस फाउंडेशन द्वारा अपने 'समुदाय स्थिरता समाधान कार्यक्रम' के हिस्से के रूप में इस प्रोजेक्ट का समर्थन किया जा रहा है और यह स्थानीय एनजीओ कर्तव्यशिला महिला एवं बाल विकास संस्थान के



साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया जायेगा। मोबियस फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप बर्मन ने इस अवसर पर कहा,'प्रोजेक्ट आकार के जरिये मोबियस फाउंडेशन राज्य के 200 मिलियन लोगों को जोड़ेगा और सरकारी प्रयासों को मजबूत बनाएगा कि दंपति और समुदाय स्वस्थ परिवार नियोजन उपायों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो। जनसंख्या स्थिरीकरण बहुत महत्वपूर्ण है और हमारा लक्ष्य एक बेहतर भविष्य को पाना है, जहां हर किसी को बुनियादी जरूरतों से समझौता किए बगैर गुणवत्तापूर्ण जीवन मिले। इस विशेष प्रोजेक्ट पर अपने विचार साझा करती हुये बाराबंकी की सांसद (भाजपा) प्रियंका सिंह रावत ने कहा कि परिवार नियोजन न सिर्फ संवहनीय जनसंख्या वृद्धि को प्रोत्साहित करता है, बल्कि अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और क्षेत्रीय विकास प्रयासों पर भी असर डालता है। अनुसंधान के आंकड़े उजागर करते हैं कि उत्तर प्रदेश में सिर्फ 31.7 प्रतिशत दंपत्ति गर्भनिरोधक उपायों का इस्तेमाल करते हैं, जो परिवार नियोजन की तरफ लोगों के बर्ताव और मौजूदा धारणा से अवगत कराता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे, 2015-16 (एनएफएचएस-4) के अनुसार, उत्तर प्रदेश देश की दूसरी उच्चतम मातृ मृत्यु-दर (प्रति एक लाख जन्म पर 258 मौतें) और उच्चतम शिशु मृत्यु दर (एक हजार जन्म पर 64 मौतें) वाला राज्य है।


Scanned by CamScanner

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

2 | दैनिक जागरण गोरखपुर, 11 मई 2017

# छात्रों संग शिक्षकों ने ली नशा नहीं करने की शपथ



सबया में शपथ लेते छात्र–छात्राएं ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सबयाढाला: महराजगंज:** सिसवा क्षेत्र अन्तर्गत स्थित शिव नारायण इंटर कालेज के प्रांगण में स्कूली बच्चों ने तंबाकू का सेवन नही करने का संकल्प लिया तो वहां मौजूद अन्य लोग भी इस रास्ते पर चल पड़े। स्कूली बच्चों ने अध्यापकों के साथ तंबाकू का सेवन ना करने के लिए लोगों को जागरूक भी किया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा प्रायोजित कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों ने तंबाकू नियंत्रण के प्रति जागरूकता रैली निकाल संकल्प लिया कि वे भविष्य में इसका इस्तेमाल कभी नहीं करेंगेइस अवसर पर महेश प्रसाद, मनोज पटेल, भानुप्रताप दूबे, सुनील यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। जागरूकता अभियान में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एपी चौधरी ने बच्चों को बताया कि तंबाकू से होने वाले नुकसान को देखते हुए हर वर्ष 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है।

Scanned by CamScanner

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

महराजगंज जागरण

गोरखपुर, 1 जून 2017 दैनिक जागरण | 5

www.jagran.com

# धूमपान का शौक किश्तों में मौत, तंबाकू नहीं जिंदगी चुनें

## धम्रपान–तंबाकू निषेध दिवस : रक्तचाप व हार्ट अटैक का खतरा

▪ महराजगंज : धम्रपान का शौक, किश्तों में मौत। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए हर नागरिक को तंबाकू से परहेज करना चाहिए। तंबाकू नहीं जिंदगी चुनें और परिवार संग सुखी रहें। ये बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सर्वजीत कुमार सिंह ने वनटांगिया ग्राम उसरहवा में आयोजित शिविर में कहीं। उन्होंने कहा कि देश में तंबाकू व धूम्रपान से हर वर्ष नौ लाख लोगों की मौत हो रही है। तंबाकू सेवन की यही गति रही तो 2030 तक मरने वालों की संख्या बढ़ कर 83 लाख हो जाएगी। किशोरावस्था में इसके सेवन से नपुंसकता आती है। इसके सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। कैंसर से शरीर में असहनीय दर्द होता है। तंबाकू छोड़ने से 20 मिनट बाद रक्तचाप व हार्ट अटैक का खतरा कम होना शुरू हो जाता है।

करीब 14 घंटे बाद सांस लेना आसान हो जाता है। नौ माह बाद कार्य करने की क्षमता बढ़ जाती है और एक वर्ष बाद हार्ट अटैक व 10 वर्ष बाद कैंसर का खतरा आधा हो जाता है। इसलिए धूम्रपान से दूर रहें और जीवन चुनें। अधिवक्ता मो. माहताब खां ने कहा कि तंबाकू से खराब दुनिया में कुछ नहीं है, इसलिए इसे तत्काल छोड़ दें। डा. मनोज मिश्र ने तंबाकू व धूम्रपान से होने वाले रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इससे बचने की सलाह दी। जिला महिला एवं बाल विकास संस्थान की ओर से महेश चौरसिया ने कहा कि तंबाकू से लोगों को दूर करने के लिए लगातार अभियान चलाने की जरूरत है। इस अवसर पर नरेंद्र पाल ने कार्टून के माध्यम से लोगों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

संचालन अधिवक्ता स्वामीनाथ तिवारी ने किया। अंत में तंबाकू से दूर रहने की प्रेरणा देने वाले व सरल कानूनी जानकारी से संबंधित पंपलेट का वितरण किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सर्वजीत कुमार सिंह ● जागरण

Scanned by CamScanner

05 • गोरखपुर • शनिवार • 20 मई 2017 • **हिन्दुस्तान** | आज का दिन 1570 में चित्रकार अ

। ऑर्टेलियस ने पहली आधुनिक एटलस थिएट्रम ऑर्बिस टेरारम जारी की। | **महराजगंज**

# छात्र-छात्राओं ने लिया संकल्प, कहा, नहीं करेंगे धूम्रपान

**निचलौल।** रामहर्ष इंटर कालेज में शुक्रवार को छात्र छात्राओं को धूम्रपान का सेवन न करने का संकल्प दिलाया गया। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण निषेध कार्यक्रम के तहत शिला महिला बाल विकास सेवा संस्थान के कार्यवाहक नरेंद्र पाल ने छात्र छात्राओं को धूम्रपान निषेध के लिए शपथ दिलाई। इस मौके पर संस्थापक रामहर्ष शर्मा, प्रधानाचार्य विश्वंभर पांडेय, बृजेश पांडेय, महेंद्र विश्वकर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे। इसी क्रम में डॉ. राममनोहर लोहिया कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमहिया में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण एवं धूम्रपान निषेध कार्यक्रम के तहत धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया।

**हिन्दुस्तान** गोरखपुर • शुक्रवार • 19 मई 2017 • 06 | **महराजगंज/आसपा**

# धूम्रपान के खिलाफ जागरूकता जरूरी




तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में मौजूद सीएमओ व अन्य। • हिन्दुस्तान

**महराजगंज।** महिला एवं बाल विकास संस्थान की ओर से पंडित दीनदयाल इंटर कालेज में गुरूवार को तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सीएमओ डॉक्टर आरके तिवारी ने कहा कि तंबाकू के सेवन से स्वांस नली से पूरे शरीर में जहर फैलता है। जहां श्वांस का अंत होता है वहां छाती होती है। आगे चलकर यह भयंकर बीमारी का रूप ले लेती है। लोगों को धूम्रपान के प्रति जागरूता पैदा करने की ज़रूरत है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि धुम्रपान करने से कैंसर, लकवा, ब्रेन हेमरेज, टीबी आदि बीमारियां होती है। प्रधानाचार्य रामइन्द्र चक्रवर्ती ने कहा कि तम्बाकू के खिलाफ अभियान चलाने की जरूरत है। इस दौरान महेश चौरसिया, राधेश्याम रावत, वासुदेव प्रजापति, मनोज यादव, घूरे प्रसाद, अशोक तिवारी आदि मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

महराजगंज

स्पष्ट आवाज़

दिनांक 30/03/2017

# शिक्षकों व बच्चों को दिया गया धूम्रपान न करने का संकल्प

महराजगंज। उत्तर प्रदेश राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा आयोजित विद्यालय कार्यक्रम के तहत कर्त्तव्य शिला महिला व बाल विकास संस्थान के नेतृत्व में शिवशंकर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमपुरवा में कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक विजय सिंह व प्रभारी प्रधानाचार्य रामकृपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों व बच्चों को शपथ दिलायी गयी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रबंधक श्री चौधरी ने कहा कि तम्बाकू सेवन से फेफड़े सड़ जाते है। कैंसर हो जाता है। टीबी के मरीजहो सकते है। लकवा मार सकता है। धूम्रपान से खतरनाक बीमारी उत्पन्न होती है। आज ही तम्बागू छोड़ें। संस्था कार्यवाहक महेश चौरसिया ने कहा कि धूम्रपान करने से तरह-तरह की बीमारियां होती है। इसके पीड़ित एक दो प्रतिशत लोग ही बचते है। वह भी लाखों रूपया खर्च करने के बाद। आज सभी संकल्प ले कि इस न ही धूम्रपान करेंगे न किसी को करने देंगे। इस दौरान दशरथ मौर्या, धर्मराज चौरसिया, अम्ब्रीश पटेल, मदन मोहन सहानी, सुदर्शन पटेल, नागेन्द्र आदि मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

गोरखपुर
शनिवार, 18 मार्च 2017






नगर के एमपी इंटर कॉलेज में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर विहिप के पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न देते प्रधानाचार्य मेवालाल मौर्य।

# धूम्रपान नहीं करने का लिया संकल्प

महराजगंज(ब्यूरो)। राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध कार्यक्रम के तहत नगर के महाराणा प्रताप इंटर कालेज परिसर में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यालय परिवार के लोगों ने धूम्रपान नहीं करने का संकल्प लिया। इसके अलावा दूसरों को भी धूम्रपान नहीं करने देने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम कर्तव्य शिला बाल विकास सेवा संस्थान के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप इंटर कालेज प्रधानाचार्य मेवालाल मौर्य, महेश चौरसिया, लवकुश पांडेय, जगदेव, रामदरश, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# मानदेय से रिकवरी का किया विरोध

## उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ ने उपायुक्त श्रम को ज्ञापन सौंपा

महराजगंज(ब्यूरो)।उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ ने उपायुक्त श्रम को ज्ञापन सौंप कर मानदेय से हो रहे रिकवरी का विरोध किया है। सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि नवीनतम शासनादेश के अनुसार विभाग द्वारा रोजगार सेवकों के मानदेय से 393 रुपये का किया जा रहा रिकवरी 2012 के शासनादेश का उल्लंघन हैं। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष ब्रह्मानन्द ने कहा कि विभाग कटौती करने से पहले शासन से इस संबंध में उचित मार्गदर्शन प्राप्त करे। अन्यथा ग्राम रोजगार सेवक न्याय के लिए आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान शोभा देवी, अनीता वर्मा, रंभा देवी, अरविंद, विनोद यादव, रमेश, प्रमोद, जितेंद्र चौहान, मदन वर्मा, बाबूराम, धीरेंद्र, अख्तर अली, प्रमोद राय, नागेंद्र, चंद्रिका आदि मौजूद रहे।

**7 वाहनों का चालान, 1 सीज:** दोपहिया वाहनों की जांच 7 का चालान व एक वाहन को पुलिस ने सीज कर दिया। 38 वाहनों से 6900 रुपये शुल्क वसूल कर राजकोष में जमा किया गया।

Scanned by CamScanner

## तंबाकू न खाने का लिया संकल्प

जागरण संवाददाता, मिठौली, महराजगंज: दुर्गावती देवी इंटर कालेज प्रयागनगर भैंसा मिठौली में शनिवार को कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान के कार्यवाहक महेश चौरसिया ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई और कहा कि तंबाकू न खाएं और न ही दूसरे को खाने दें। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनकर उपाध्याय ने कहा कि तंबाकू जानलेवा है, इसके सेवन से जानलेवा बीमारी होती है और व्यक्ति की असमय मृत्यु हो जाती है। पड़ोस में तम्बाकू का सेवन करने वाले को इससे होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। इस अवसर पर हरिद्वार विश्वकर्मा, रमेश पटेल, वीरेंद्र पांडेय, करुणा मणि पटेल, दिव्यश्री, समीक्षा, कृष्णानंद दुबे, प्रदीप कुमार वर्मा आदि अध्यापक उपस्थित रहे।






## धूम्रपान के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक

महराजगंज: गुरुकुल शिक्षा निकेतन में कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास सेवा संस्थान के द्वारा तंबाकू एवं धूम्रपान नियंत्रण के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक ओरी प्रसाद वर्मा, प्रधानाचार्य पीके चौधरी, अभिषेक कुमार, रामहित, अरुण कुमार, रमेश कुमार अध्यापक तथा संस्था कार्यवाहक महेश चौरसिया, मोनू चौरसिया, सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।



## धूम्रपान नियंत्रण की दी जानकारी

महराजगंज। गुरुकुल शिक्षा निकेतन श्यामनगर में गुरुवार को तंबाकू एवं धूम्रपान नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों और अध्यापकों को धूम्रपान से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक ओरी प्रसाद वर्मा, प्रधानाचार्य पीके चौधरी, अभिषेक कुमार, रामहित और अरुण कुमार भी मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner



उपस्थित छात्र-छात्राएं • जागरण

# तंबाकू से परहेज कर जीवन रखें सुरक्षित

**गोष्ठी**

- धूमपान का शौक, किश्तों में मौत जीवन चुने तंबाकू नहीं
- विद्यार्थियों ने तंबाकू से दूर रहने का लिया संकल्प

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** धूमपान का शौक, किश्तों में मौत। सभी विद्यार्थी तंबाकू से परहेज करेंगे तो जीवन सेफ हो जाएगा। ये बातें पं. दीन दयाल इंटर कालेज में आयोजित तंबाकू नियंत्रण गोष्ठी में मुख्य अतिथि व मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरके तिवारी ने कहीं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि सभी विद्यार्थी आज से शपथ लें कि धूम्रपान एवं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे। परिजनों व पड़ोसियों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे और समाज को होने वाली क्षति से बचाएंगे। भारत में तंबाकू व धूम्रपान के सेवन से हर वर्ष नौ लाख लोग जान गंवाते हैं। देश में कैंसर से मरने वाले 100 रोगियों में 40 तंबाकू के सेवन के कारण मरते हैं। तंबाकू के सेवन पर प्रतिबंध नहीं लगा तो 2030 में धूम्रपान व तंबाकू से मरने वालों की संख्या 83 लाख हो जाएगी।

सीएमओ ने कहा कि किशोरावस्था में धूम्रपान व तंबाकू सेवन से नपुंसकता आती है। मानसिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है। इससे न केवल कैंसर वरन हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, लकवा, दृष्टिहीनता व श्वांस संबंधी रोग होता है। इन रोगों से बचाव के लिए एक मरीज पर 10 से 15 लाख रुपये खर्च होते हैं और कर्ज लेने की स्थिति में परिवार पहुंच जाता है। परिजन भी परेशान होते हैं। इसलिए तंबाकू के प्रयोग पर रोक लगाना हम सबका दायित्व है। विशिष्ट अतिथि महेश चौरसिया ने कहा कि धूम्रपान करने वाला अपने साथ ही परिवार व समाज के लिए भी कैंसर का खतरा पैदा करता है। कैंसर पीड़ित व्यक्ति को असहनीय दर्द होता है। धूम्रपान छोड़ने से 20 मिनट बाद रक्तचाप व हृदय गति सामान्य हो जाती है। 74 घंटे बाद सांस लेना आसान हो जाता है और नौ माह बाद कार्य करने की क्षमता बढ़ जाती है। एक वर्ष बाद हार्ट अटैक व व 10 वर्ष बाद फेफड़े के कैंसर का खतरा आधा हो जाता है। इसलिए धूम्रपान से दूर रहें और जीवन चुनें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को धूम्रपान व तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई। गोष्ठी को प्रधानाचार्य राम इंद्र चक्रवती, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, राधे श्याम रावत, वासुदेव, मनोज आदि ने संबोधित किया।

Scanned by CamScanner

महराजगंज amarujala.com अमर उजाला

## धूम्रपान से खतरों की दी जानकारी

मिठौरा। सीताराम इंटर कालेज के विद्यार्थियों को धूम्रपान से होने वाले खतरे के प्रति जागरूक किया गया। बाल विकास संस्थान लखनऊ की संस्था के मास्टर ट्रेनर महेंद्र और नरेंद्र पाल ने जागरूक करते हुए धूम्रपान से होने वाले हानि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

महेंद्र ने कहा कि विश्व में रोकी जा सकने वाली मौतें और बीमारियों का एकमात्र कारण तंबाकू सेवन है। हर साल साठ लाख लोग तम्बाकू सेवन से अपनी जान गवाते हैं। हर साल नौ लाख भारतीय तंबाकू सेवन से मरते है जो क्षय रोग, एड्स और मलेरिया से होने वाली मौतों से अधिक है। पूरे भारत में 2200से अधिक भारतीय तंबाकू के सेवन से मरते है। 95 प्रतिशत मुंह के कैंसर तंबाकू सेवन करने वालों को होते हैं। किशोरावस्था में तंबाकू सेवन करने से नपुंसकता आती है। तंबाकू के सेवन से मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने धूम्रपान छोड़ने के फायदे के बारे में बताया। कहा कि धूम्रपान छोड़ने से रक्तचाप सामान्य हो जाता है। सांस लेना आसान हो जाता है।

दिनांक -10/05/2017
पेज - 05 पर
अंकित है।

03 हिन्दुस्तान गोरखपुर • रविवार • 14 मई 2017 महराजगंज

## बच्चों के भविष्य को धूम्रपान से रहे दूर

महराजगंज। सरदार बल्लभ भाई पटेल कन्या इंटर कालेज और केकेपी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण धूम्रपान निषेध कार्यक्रम आयोजित हुई।

इस दौरान कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास सेवा संस्थान के कार्यवाहक महेश चौरसिया ने कहा कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, लिहाजा बच्चों के भविष्य को देखते हुए अभिभावक खुद धूम्रपान से परहेज करें। इस मौके पर बच्चों एवं शिक्षकों ने न धूम्रपान करेंगे और नही करने देंगे पर जोर दिया।

Scanned by CamScanner

05 गोरखपुर • रविवार • 07 मई 2017 हिन्दुस्तान

## महराजगंज

# धूम्रपान के नुकसान को बताया


**सिसवा।** चोखराज तुलस्यान सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को धूम्रपान निषेध पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें धूम्रपान से होने वाले बीमारियों की जानकारी के साथ ही बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य ज्योतिष मणि त्रिपाठी ने कहा कि तंबाकू बुरी एवं जानलेवा लत है। युवा पीढ़ी एवं गांव की अशिक्षित महिलाओं में धूम्रपान का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है जो चिंतनीय है। इस पर अंकुश लगाने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा।

हिन्दुस्तान गोरखपुर • सोमवार • 15 मई 2017 • 04

## महराजगंज

आज का दिन 1610 ईस्वी में लुई 13वें को फ्रांसीसी सं

# धूम्रपान व तंबाकू नियंत्रण का लिया संकल्प



धूम्रपान निषेध का संकल्प स्कूली बच्चों ने रविवार को लिया। • हिन्दुस्तान

**घुघली। हिन्दुस्तान संवाद**

तंबाकू नियंत्रण व धूम्रपान निषेध को लेकर रविवार को टीडी मेमोरियल इंटर कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान बच्चों को धूम्रपान निषेध का पाठ पढ़ाया गया। बच्चों को तंबाकू नियंत्रण व धूम्रपान निषेध का संकल्प भी दिलाया गया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ महराजगंज के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि युवा वर्ग गलत संगत से भ्रमित होकर धूम्रपान की तरफ आकर्षित हो रहा है। ऐसे दुर्व्यसन से भावी पीढ़ी को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना पड़ेगा। युवाओं को जागरूकता के लिए जगह-जगह रैली व गोष्ठियों का आयोजन करना होगा। प्रधानाचार्य अनूप जायसवाल ने कहा कि युवा वर्ग धूम्रपान की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

आवश्यकता है उन्हें इस दिशा में जाने से रोकने और इससे होने वाली हानियों से अवगत कराने की। महिला एवं बाल विकास संस्थान के सचेतक नरेन्द्र पाल ने गोष्ठी में उपस्थित सभी बच्चों को धूम्रपान न करने का संकल्प भी दिलाया। विद्यालय के छात्र दीपक एवं कुमारी अंजू मिश्रा ने भी इस विषय पर अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिलीप मिश्र, विनय पांडेय, सुशील दूबे, राजेश तिवारी, अभिमन्यु चौहान, देवेश दूबे, हरिकेश शर्मा, अंगद यादव, रमेश व जनार्दन भी मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner